**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–26 जून 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लखनऊ के शुभांशु शुक्ला ने एक्सिओम मिशन–फोर के तहत अंतरिक्ष स्टेशन के लिये भरी सफल उड़ान। पूरे देश में गर्व का माहौल। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दी बधाई।
- आगरा में खुलेगा अन्तर्राष्ट्रीय आलू केन्द्र का दक्षिण एशिया क्षेत्रीय सेंटर। केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने दी मंजूरी। किसानों ने प्रधानमंत्री के प्रति जताया आभार।
- आगामी पर्व और त्योहारों को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की कानून व्यवस्था और जन–सुविधाओं की समीक्षा। कहा– कार्यक्रमों के दौरान भड़काऊ नारे और हथियारों का प्रदर्शन कतई न होने पाये।
- अगले साल से कक्षा दस के लिये दो बार आयोजित होंगी सीबीएसई की बोर्ड परीक्षायें।

**********

लखनऊ के रहने वाले भारतीय वायुसेना के अधिकारी और अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कल फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से एक्सिओम मिशन–फोर के पायलट के रूप में सफलतापूर्वक उड़ान भरी। कैप्टन शुक्ला अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री हैं। उनसे पहले वर्ष उन्नीस चौ चौरासी में विंग कमांडर राकेश शर्मा ने सोवियत मिशन के हिस्से के रूप में अंतरिक्ष की यात्रा की थी। इसरो ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि एक्सिओम–फोर आज भारतीय समयानुसार शाम साढे चार बजे अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से डॉक करेगा।

उड़ान भरने के कुछ देर बाद ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष से संदेश भेजा। इस संदेश में उन्होंने कहा कि भारत इकतालीस साल बाद एक बार फिर अंतरिक्ष में है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की शुरुआत नहीं है, बल्कि भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरुआत है।

***नमस्कार, मेरे प्यारे देशवासियो, 41 साल बाद हम वापस अंतरिक्ष में पहुंच गए हैं और कमाल की राइड थी। मेरे कंधे पर मेरे साथ मेरा तिरंगा है जो मुझे बता रहा है कि मैं आप सबके साथ हूं। ये मेरी इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन तक की ये जर्नी की शुरूआत नहीं है, ये भारत के ह्यूमन स्पेस प्रोग्राम की शुरूआत है।***

इस ऐतिहासिक अवसर का जश्न मनाने के लिए शुभांशु के माता–पिता ने लखनऊ में शुभांशु के स्कूल में छात्रों और शिक्षकों के साथ लॉन्च का सजीव प्रसारण देखा। शुभांशु की मां आशा शुक्ला ने कहा कि वह इस बात को लेकर बहुत गौरवांवित हैं कि उनके बेटे ने इतिहास रच दिया है।

***दोनों ही चीजें है गौरव भी महसूस हो रहा है और उल्लास भी लग रहा है, अच्छा भी लग रहा है, सब कुछ बढ़िया लग रहा है और अच्छा ही है हमारे लिये हमारे बेटे ने इतिहास रच दिया।***

उधर, शुभांशु की बहन शुचि मिश्रा ने कहा कि यह पल उनके लिए बहुत भावनात्मक है।

ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के सफल अंतरिक्ष उड़ान पर पूरा देश गर्व महसूस कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोशल मीडिया पोस्ट में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष में भारत के लिए एक नया मील का पत्थर स्थापित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि भारतीय अंतरिक्ष यात्री, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अपने साथ एक अरब चालीस करोड भारतीयों की इच्छाएं, उम्मीदें और आकांक्षाएं लेकर गए हैं। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मिशन के लिए शुभांशु शुक्ला को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में, इस अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष मिशन में भारत की भागीदारी वैज्ञानिक प्रगति और वैश्विक सहयोग के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कल हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में आगरा में अंतर्राष्ट्रीय आलू केंद्र के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना समेत कई अन्य प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि आगरा में आलू केंद्र की स्थापना होने से इस क्षेत्र में आलू और शकरकंद की उत्पादकता, कटाई के बाद प्रबंधन और मूल्य संवर्धन में सुधार के साथ ही, किसानों की आय और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

***उत्तर प्रदेश भारत में सबसे बड़ा आलू का उत्पादक है और उत्तर प्रदेश में जो आगरा के आसपास वाला क्षेत्र है वह आलू का बड़ा बेल्ट है उस बेल्ट में आगरा में जो इंटरनेशनल पोटैटो सेंटर है उसका रिजिनल सेंटर स्थापित किया जायेगा। 111 करोड़ रुपये की लागत से राज्य सरकार ने बहुत ही निर्णायक तरीके से आलरंग जमीन दे दी है और अब वहा पर केन्द्र सरकार और राज्य सऔर इंटरनेशनल सेंटर में सहयोग से यह सेंटर बनेगा।***

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के साथ–साथ कृषि आधारित रोजगार और कृषक–समृद्धि को भी नई दिशा देगा। इस फैसले से आगरा के किसान भी उत्साहित हैं। आलू किसान रामदास ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय आलू केंद्र खुलने से किसानों को बहुत लाभ होगा।

**इस अतंर्राष्ट्रीय आलू केन्द्र के शुरू होने से न सिर्फ आलू का उत्पादन बढ़ेगा बल्कि किसानों की आय भी बढ़ेगी। अतंर्राष्ट्रीय आलू केन्द्र की आगरा में स्थापना करने की योजना के लिये मैं प्रधानमंत्री का बहुत बहुत आभार व्यक्त करता हूं।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी पर्व, त्योहारों को देखते हुए सुदृढ़ कानून व्यवस्था, सौहार्द्रपूर्ण वातावरण और जन–सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये कल देर रात शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी ग्यारह जुलाई से नौ अगस्त तक पावन सावन मास रहेगा। इस दौरान पारम्परिक कांवड़ यात्रा निकाले जाने के साथ, नागपंचमी और रक्षाबंधन जैसे पर्व मनाये जायेंगे। इसी अवधि में कल से आठ जुलाई तक जगन्नाथ रथ यात्रा और कल से ही छः या सात जुलाई तक मोहर्रम के आयोजन सम्भावित हैं। यह पूरा समय राज्य की कानून व्यवस्था, चिकित्सा, स्वच्छता और आपदा प्रबंधन के लिहाज से काफी संवेदनशील हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ध्यान रखा जाय कि कांवड़ यात्रा, मोहर्रम और रथ यात्रा के दौरान भड़काऊ नारे और हथियारों का प्रदर्शन कतई न होने पाये। ऐसा पाये जाने पर तत्परता से कानून सम्मत कार्रवाई की जाए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गाजियाबाद के साहिबाबाद में सीईएल–ईएसडीएस ग्रीन डाटा सेंटर का शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर उनके साथ केन्द्रीय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार जितेन्द्र सिंह भी उपस्थित रहेंगे। इस ग्रीन डाटा सेंटर की कुल क्षमता तीस मेगावाट की होगी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में कल गोरखपुर, कानपुर और कन्नौज के डेयरी प्लांट तथा अम्बेडकरनगर की पशु आहार निर्माणशाला के संचालन के लिये राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड–एनडीडीबी और उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन के मध्य समझौता हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार दुग्ध उत्पादकों की आय बढ़ाने, पशुधन आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने और उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त उत्पाद उपलब्ध कराने के लिये पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

**********

केंद्र सरकार गौतम बुद्ध नगर में चार सौ सत्रह करोड़ रुपए की लागत से इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्लस्टर–ईएमसी–2.0 स्थापित करेगी। यह क्लस्टर दो सौ एकड़ से अधिक भू–भाग पर फैला होगा। इससे दो हजार पांच सौ करोड़ रुपए का निवेश आकर्षित करने की आशा की जा रही है। कल इस परियोजना की समीक्षा केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने की।

**********

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सी.बी.एस.ई ने कल घोषणा की कि अगले साल से दसवीं कक्षा की इस बोर्ड की परीक्षाएं वर्ष में दो बार आयोजित होंगी। नये प्रारूप के अनुसार प्रारंभिक परीक्षा फरवरी में होगी, जो सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य होगी। इसके बाद मई में परीक्षा होगी, जो वैकल्पिक होगी। यह परीक्षा उन विद्यार्थियों के लिए होगी जो अपने प्रदर्शन को और बेहतर करना चाहते हैं। फरवरी की परीक्षा का परिणाम अप्रैल में और मई में होने वाली परीक्षा का परिणाम जून में आएगा।

**********

प्रदेश के कई जिलों में रुक–रुक कर बारिश होने से पश्चिमी ज़िलों में नदियां उफान पर हैं। इन जिलों में बाढ़ की आशंका के मद्देनज़र प्रशासन ने बाढ़ चौकियों को अलर्ट कर दिया है। मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों में प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश होने का अनुमान जताया है।

**********